# News Paper Clipping Service

## Amar Ujala

**Date- 03 Feb 2023, Page No. City Page 6**

# सुभारती में मनाया विश्व आर्द्रभूमि दिवस



**सुभारती में आयोजित कार्यक्रम में शामिल प्रतिभागी।** संवाद

माई सिटी रिपोर्टर 03/02/23 (6)

मेरठ। स्वामी विवेकानंद सुभारती विवि के केरल वर्मा सुभारती कॉलेज ऑफ सांइस एवं पन्ना धाय मां सुभारती नर्सिंग कॉलेज ने मिलकर विश्व आर्द्रभूमि दिवस का आयोजन किया।

शुभारंभ साइंस कॉलेज के डीन प्रो. महावीर सिंह ने किया। कार्यक्रम संयोजक डॉ. शशि बाला एवं डॉ. फहीम अहमद तथा सह संयोजक डॉ. अशोक कुमार, डॉ. विशाल कुमार, डॉ. अर्चना ने आर्द्रभूमि दिवस के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में मौखिक व्याख्यान, नारा, सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। व्याख्यान प्रतियोगिता में प्रथम स्थान खुशबू, द्वितीय स्थान विधि, एकांश दीक्षित एवं तृतीय स्थान आर्यन शर्मा एवं श्रद्धा शर्मा ने प्राप्त किया।

नारा प्रतियोगिता में प्रथम एकांश दीक्षित एवं निशा यादव, द्वितीय प्रिया कुमारी, वैष्णवी सिंह एवं विद्या तथा तृतीय ज्योति दीवाल, हफसा सैफी एवं यशु चौहान ने प्राप्त किया। सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के अंतर्गत ग्रुप द्वितीय प्रथम स्थान पर रहा। मंच संचालन कुमारी कनिका शर्मा एवं प्रशांत सिंह ने किया।

# News Paper Clipping Service

## Amar Ujala

**Date- 04 Feb 2023,** **Page No. City Page 5**



सुभारती विश्वविद्यालय में सम्मानित किए गए छात्र-छात्राएं। संवाद

## सुभारती में वसंत उत्सव मनाया

**संवाद न्यूज एजेंसी** 04/02/23

**मेरठ।** स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय के नंदलाल बोस सुभारती ललित कला संकाय के संगीत एवं नृत्य विभाग ने वसंत उत्सव मनाया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सीसीएसयू की वरिष्ठ आचार्य प्रो. वाई विमला, विशिष्ट अतिथि आर्य कन्या महाविद्यालय की संगीत विभागाध्यक्षा डा. जया शर्मा और कुलपति मेजर जनरल डॉ. जीके थपलियाल व मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. शल्या राज ने किया। संगीत एवं ललित कला संकाय के छात्र-छात्राओं ने राग वसंत बहार में निबद्ध सरस्वती वंदना की प्रस्तुति दी। रिया महरोत्रा और अंकित कुमार ने ताल पंचम सवारी में कथक की प्रस्तुति दी। विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. भावना ग्रोवर, श्वेता चौधरी, इंद्रेश मिश्रा, श्वेता सिंह, तनुश्री कश्यप, अभिषेक मिश्रा मौजूद रहे।

# News Paper Clipping Service

## Amar Ujala

**Date- 07 Feb 2023,** **Page No. City Page 6**

### अनिकेत, अंकित, विशांत मिस्टर व आयोना, रिया, वंशिका बनीं मिस फ्रेशर

मेरठ। स्वामी विवेकानंद सुभारती विवि के नंदलाल बोस सुभारती कॉलेज ऑफ फाइन आर्ट्स एंड फैशन डिजाइन में फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. शल्या राज, प्राचार्य डॉ. पिंटू मिश्रा, एनिमेशन विभागध्यक्ष डॉ. विधि खंडेलवाल एवं फैशन डिजाइन विभागध्यक्ष डॉ. नेहा सिंह ने किया। इस मौके पर छात्र-छात्राओं ने रंगारंग प्रस्तुतियां दीं। मिस्टर फ्रेशर अनिकेत, अंकित, विशांत, मिस फ्रेशर आयोना, रिया महरोत्रा और कैप्टन वंशिका को चुना गया। बेस्ट परफॉर्मर हरमन, बेस्ट कॉमेडियन प्राची, मोस्ट चार्मिंग पर्सनालिटी खुशी, मोस्ट डायनामिक पर्सनालिटी प्रि[illegible]शी को चुना गया। संवाद



सुभारती फाइन आर्ट्स कॉलेज में आयोजित फ्रेशर पार्टी के दौरान मौजूद छात्र-छात्राएं। संवाद

# *News Paper Clipping Service*

## Amar Ujala

**Date- 08 Feb 2023, Page No. City Page 6**

# जी-20 विषयों पर छात्रों ने रखे विचार

संवाद न्यूज एजेंसी

मेरठ। स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय में जी-20 के प्रचार प्रसार करने के अनुपालन में भाषण, कला एवं निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई। शुभारंभ कुलपति मेजर जनरल डॉ. जीके थपलियाल, सुभारती लॉ कॉलेज के डीन डॉ. वैभव गोयल भारतीय, शिक्षा संकाय के डीन डॉ. संदीप कुमार एवं विज्ञान विभाग के डीन डॉ. महावीर सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

कुलपति ने जी 20 कार्यक्रमों की विस्तार से जानकारी दी। भाषण प्रतियोगिता में हरप्रीत कौर ने वसुधैव कुटुंबकम की भावना से प्रेरित भारतीय संस्कृति और नई जीवन शैली पर अपने विचार व्यक्त किए। अंकिता सिंह ने युवा क्षमता किस प्रकार जी-20 के उद्देश्यों को पूरा करने में अपना सहयोग दे सकती है पर अपने विचार रखे। प्रतियोगिता में शिवानी राघव प्रथम, भाविनी कौशल्या द्वितीय एवं अंकिता सिंह व नव्या त्यागी ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम सोनम यादव एवं द्वितीय स्थान कनिका ने प्राप्त किया। कला प्रतियोगिता में प्रियांशु प्रथम एकांश दीक्षित द्वितीय, हफ्सा सैफी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। चीफ प्रोक्टर डॉ. शशिराज तेवतिया, शिक्षा विभागाध्यक्ष डॉ. अनोज राज, डॉ. मनोज त्रिपाठी, विकास आदि मौजूद रहे।



सुभारती विश्वविद्यालय में जी-20 कार्यक्रम के तहत हुईं प्रतियोगिताओं के विजेता छात्र। संवाद

# News Paper Clipping Service

## Amar Ujala

**Date- 09 Feb 2023, Page No. City Page 5**

# डॉ. पिंटू मिश्रा को मिला उद्यमी बिजकॉम अवार्ड

09/02/23 (5) Amar Ujala




देहरादून में सम्मानित होते प्राचार्य प्रो. पिंटू मिश्र।

मेरठ। सुभारती फाइन आर्ट कॉलेज के प्राचार्य डॉ. पिंटू मिश्रा को उद्यमी बिजकॉम अवार्ड से नवाजा गया। देहरादून में आयोजित उद्यमी शिखर सम्मेलन में फिल्म अभिनेत्री प्राची देसाई ने उन्हें यह अवार्ड दिया। कार्यक्रम में शामिल उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और मुख्य अतिथि देहरादून के मेयर सुनील उनियाल ने भी उन्हें शुभकामनाएं दी। प्राचार्य डॉ. पिंटू मिश्रा ने कहा कि फैशन, चित्रकारी, मॉडलिंग आदि क्षेत्रों में सुभारती विश्वविद्यालय का नंदलाल बोस सुभारती फाइन आर्ट कॉलेज रचनात्मक कार्य कर रहा हैं। कुलपति मेजर जनरल डॉ. जीके थपलियाल एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. शल्या राज ने बधाई दी। संवाद

# *News Paper Clipping Service*

## Amar Ujala

**Date- 10 Feb 2023, Page No. City Page 5**



सुभारती विश्वविद्यालय में आयोजित संगोष्ठी में शामिल अतिथि और आयोजक। संवाद

# दृढ़ इच्छाशक्ति से बाधाएं होती हैं दूर : डब्बावाला

### सुभारती विवि में आपूर्ति शृंखला प्रबंधन पर हुई संगोष्ठी

माई सिटी रिपोर्टर

मेरठ। स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय में बृहस्पतिवार को आपूर्ति शृंखला प्रबंधन पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

संगोष्ठी में मुख्य वक्ता मुंबई से आए डॉ. पवन अग्रवाल डब्बावाला ने कहा कि दृढ़ इच्छाशक्ति से राह में आने वाली बाधाओं को दूर किया जा सकता है। खुद पर विश्वास के साथ सकारात्मक भाव से आगे बढ़ने वाले व्यक्ति को सफलता अवश्य मिलती है। उन्होंने समय प्रबंधन के बारे में जानकारी दी।

आपूर्ति शृंखला प्रबंधन की बारीकियों पर उन्होंने बताया कि डब्बावाला ऐसे लोगों का एक समूह है, जो मुंबई शहर में काम कर रहे, सरकारी और गैर सरकारी कर्मचारियों को दोपहर का खाना कार्यस्थल पर पहुंचाने का कार्य करते हैं। डब्बावाला की शुरुआत 1890 में हुई। डब्बावाला हर दिन दो लाख टिफिन की डिलीवरी करते हैं। शुभारंभ डॉ. पवन अग्रवाल डब्बावाला, सुभारती विवि के कुलपति मेजर जनरल डॉ. जीके थपलियाल, मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. शल्या राज, कार्यक्रम संयोजक डीन एवं डायरेक्टर फैकल्टी ऑफ मैनेजमेंट एंड कॉमर्स डॉ. आरके घई ने शुभारंभ किया। कुलसचिव सैयद जफर हुसैन, डॉ. वैभव गोयल भारतीय, डॉ. संदीप कुमार, डॉ. मनोज कपिल, डॉ. महावीर सिंह, डॉ. पिंटू मिश्रा मौजूद रहे।

# *News Paper Clipping Service*

## Hindustan

**Date- 10 Feb 2023, Page No. 2**

# जिसके भाव सच्चे, उनके सारे काम अच्छे : डब्बावाला

10/02/23 (2) Hindustan




सुभारती विवि में गुरुवार को आपूर्ति शृंखला प्रबंधन पर आयोजित गोष्ठी में डॉ.पवन अग्रवाल डब्बावाला मुम्बई ने प्रबंधन के गुर समझाये।

मेरठ, प्रमुख संवाददाता। दृढ़ इच्छाशक्ति से राह में आने वाली बाधाएं दूर की जा सकती हैं। खुद पर विश्वास के साथ सकारात्मक भाव से आगे बढ़ने वाला व्यक्ति सफलता अवश्य होता है। जिनके भाव सच्चे होते हैं उनके सारे काम भी अच्छे होते हैं।

सुभारती विवि में आपूर्ति शृंखला प्रबंधन पर हुई गोष्ठी में यह बात डॉ.पवन जी अग्रवाल डब्बावाला मुम्बई ने कही। डॉ. पवन ने डब्बावाला की कार्य प्रणाली को समझाते हुए कहा कि यह ऐसे लोगों का एक समूह है जो मुंबई शहर में काम कर रहे सरकारी और गैर सरकारी कर्मचारियों को दोपहर का खाना कार्यस्थल पर पहुंचाने का कार्य करते हैं। डब्बावाला हर दिन दो लाख टिफिन की डिलीवरी करते हैं। पहचान में किसी तरह की कोई गड़बड़ी न हो, इसलिए टिफिन पर खास तरह की कोडिंग की जाती है। कुलपति मेजर जनरल डॉ.जीके थपलियाल ने कहा कि जीवन में सफलता समय प्रबंधन एवं अनुशासन से प्राप्त की जा सकती है। मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ.शल्या राज ने कहा कि जीवन में सफलता के शिखर पर पहुंचने के लिए मेहनत, ईमानदारी एवं लगन का होना जरूरी है। सफलता का शॉर्टकट नहीं होता। डॉ.शल्या ने डब्बावाला के जीवन से प्रेरणा लेने की अपील की।

# *News Paper Clipping Service*

# Hindustan

**Date- 11 Feb 2023, Page No. 6**

## सुभारती नर्सिंग कॉलेज में सम्मेलन



मेरठ। पन्ना धाय मां सुभारती नर्सिंग कॉलेज में .इंटर प्रोफेशनल विषय पर हुए सम्मेलन का शुभारंभ कुलपति मेजर जनरल डॉ. जीके थपलियाल, डॉ. शल्या राज, नर्सिंग सलाहकार डॉ. दीपिका सी खाखा एवं डॉ. गीता परवंदा ने किया। वहीं सरदार पटेल सुभारती विधि संस्थान में 'हाऊ टू इंटरोड्यूस योअर सेल्फ' विषय पर लेक्चर हुआ। डॉ. डॉली ने छात्र-छात्राओं को व्यक्तित्व विकास में सहायक परिचय की कला समझाई। 11/02/23 (6) HU

# News Paper Clipping Service

## Amar Ujala

**Date- 11 Feb 2023, Page No. City Page 6**

# सुभारती में दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन

संवाद न्यूज एजेंसी

मेरठ। स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय के पन्ना धाय मां सुभारती नर्सिंग कॉलेज द्वारा नाइटिंगेल इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग नोएडा, नर्सिंग स्कॉलर सोसाइटी दिल्ली चैप्टर और नर्सिंग स्कॉलर सोसाइटी मुख्यालय गुजरात के सहयोग से दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। महारानी लक्ष्मीबाई प्रेक्षागृह में आयोजित सम्मेलन का शुभारंभ कुलपति मेजर जनरल डा. जीके थपलियाल, मुख्य कार्यकारी अधिकारी डा. शल्या राज, नर्सिंग सलाहकार डॉ. दीपिका खाका और डीन




सुभारती नर्सिंग कॉलेज में राष्ट्रीय सम्मेलन में मंचासीन अतिथि। संवाद

डॉ. गीता परवंदा ने किया। प्रथम सत्र में डा. दीपिका ने छात्रों को संभालने के लिए शिक्षकों में परिवर्तन पर जोर दिया। वैज्ञानिक सत्र में कई पीएचडी शोधार्थियों ने शोध पत्र प्रस्तुत किए। अंतिम सत्र में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता हुई। एसोसिएट प्रोफेसर छाया यादव, असिस्टेंट प्रोफेसर खुशबू, असिस्टेंट लेक्चरर गुंजली सिंह, सरल कुमार, सूरज कुमार मौजूद रहे।

## स्वयं का परिचय कैसे दें

मेरठ। स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय के सरदार पटेल सुभारती विधि संस्थान द्वारा खुद का परिचय कैसे दें, विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता डॉ. डॉली ने व्यक्तित्व विकास में सहायक परिचय की कला पर व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि जब भी आप किसी से मिलें या बात करें तो सामने वाले व्यक्ति से आप का लगातार आई कॉन्टेक्ट रहना चाहिए। उन्होंने छात्रों को औपचारिक एवं अनौपचारिक वार्ता के विषय में भी बताया। डॉ. रीना बिश्नोई ने धन्यवाद ज्ञापित किया। डॉ. सारिका त्यागी, विकास मौजूद रहे। संवाद

# *News Paper Clipping Service*

# Hindustan

**Date- 15 Feb 2023, Page No. 6**

## कौरवी लोकनृत्य एवं लोक गायन पर कार्यशाला



मेरठ। सुभारती विवि के ललित कला संकाय में कौरवी लोक नृत्य एवं लोक गायन विषय पर वर्कशॉप हुई। भारत की पहली महिला रेडियो निर्देशिका पद्मश्री डॉ. माधुरी बरथवाल ने छात्र-छात्राओं से बात की। कुलपति डॉ. जीके थपलियाल ने कहा कि वर्कशॉप से विद्यार्थियों को नई दिशा मिलेगी। माधुरी बरथवाल ने विभिन्न लोक गीतों पर नृत्य एवं गायन सिखाया। मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. शल्या राज ने कहा कि लोक संस्कृति पर केंद्रित वर्कशॉप को मील का पत्थर बताया। प्राचार्य प्रो. पिन्टू मिश्रा, प्रो. भावना ग्रोवर, सीमा शर्मा, डॉ. भावना ग्रोवर, डॉ. श्वेता चौधरी, डॉ. इन्द्रेश मिश्रा, अभिषेक मिश्रा, तनुश्री कश्यप, मेहराज खां, श्वेता सिंह एवं निशी चौहान मौजूद रहीं।

# *News Paper Clipping Service*

# Hindustan

**Date- 16 Feb 2023, Page No. 7**



बुधवार को सुभारती विवि में कार्यक्रम के दौरान अतिथि को सम्मानित करते आयोजक।

## संस्कृति से ही होती है राष्ट्र की पहचान

मेरठ। कौरवी लोक संस्कृति प्राचीन संस्कृति है। कौरवी संस्कृति की परम्परा, कला, वास्तुविज्ञान, भाषा शैली, शिल्पकला एवं जीवन के विभिन्न पक्ष भारत का गौरवशाली इतिहास प्रस्तुत करते हैं। किसी भी देश की संस्कृति उसकी आत्मा होती है। सम्राट अशोक सुभारती स्कूल ऑफ बुद्धिस्ट स्टडीज द्वारा प्रथम कौरवी लोक महोत्सव के शुभारंभ में यह बात लेखक डॉ.सीपी शर्मा ने कही। मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ.शल्या राज ने कहा कि संस्कृति से ही राष्ट्र की पहचान होती है। कुलाधिपति स्तुति नारायण कक्कड़, डॉ.जीके थपलियाल ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। पदमश्री डॉ.माधुरी बड़थ्वाल, डॉ.हिरो हितो, डॉ.भावना ग्रोवर, डॉ.चन्द्रकीर्ति भंते, डॉ.सीमा शर्मा, डॉ.वैभव गोयल भारतीय मौजूद रहे।

# News Paper Clipping Service

## Amar Ujala

**Date- 16 Feb 2023,** **Page No. City Page 5**

# सुभारती में हुआ कौरवी लोक महोत्सव का आगाज



कौरवी लोक महोत्सव में अतिथियों को सम्मानित करते हुए। संवाद

मेरठ। स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय के सम्राट अशोक सुभारती स्कूल ऑफ बुद्धिस्ट स्टडीज के तत्वावधान में भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय से अनुदानित तीन दिवसीय प्रथम कौरवी लोक महोत्सव का शुभारंभ किया गया।

महोत्सव का शुभारंभ रानी लक्ष्मीबाई प्रेक्षागृह में मुख्य वक्ता वरिष्ठ लेखक डॉ. सीपी शर्मा, सुभारती विवि की कुलाधिपति स्तुति नारायण कक्कड़, कुलपति मेजर जनरल डॉ. जीके थपलियाल, मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. शल्या राज, बुद्धिस्ट स्टडीज के सलाहकार डॉ. हिरो हितो एवं सांस्कृतिक कमेटी की अध्यक्ष डॉ. भावना ग्रोवर ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

बौद्ध विद्वान डॉ. चंद्रकीर्ति भंते द्वारा मंगलाचरण वंदना प्रस्तुत की गई। फाइन आर्ट के विद्यार्थियों ने संरस्वती वंदना की। मुख्य वक्ता वरिष्ठ लेखक डॉ. सीपी शर्मा ने कहा कि कौरवी लोक संस्कृति प्राचीन संस्कृति है। कौरवी संस्कृति की परंपरा, कला, वास्तुविज्ञान, भाषा शैली, शिल्पकला एवं जीवन के विभिन्न पक्ष भारत के गौरवशाली इतिहास को प्रस्तुत करते हैं। कार्यक्रम में पद्मश्री डॉ. माधुरी ने लोक गायन पर विशेष प्रस्तुति देकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में डॉ. सीमा शर्मा, डॉ. वैभव गोयल भारतीय, डॉ. महावीर सिंह, डॉ. संदीप चौधरी, डॉ. पिंटू मिश्रा आदि मौजूद रहे। ब्यूरो

# *News Paper Clipping Service*

## Amar Ujala

**Date- 17 Feb 2023, Page No. City Page 5**

### दो दिवसीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता शुरू

मेरठ। स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय के सरदार पटेल सुभारती विधि संस्थान में दो दिवसीय अंतर विद्यालय मूट कोर्ट प्रतियोगिता आयोजित की गई। समसामयिक मुद्दा सरोगेसी अधिनियम विषय पर आधारित प्रतियोगिता का आयोजन मूट कोर्ट एसोसिएशन की आफरीन अल्मास द्वारा किया गया। पहले दिन प्रारंभिक सत्र में 25 दलों में 50 छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। जिसमें चार दलों को सेमी फाइनल के लिए चयनित किया गया। सेमीफाइनल राउंड में मोना, भाविनी कौशल्या, आयुष शर्मा, आशुतोष शर्मा, चिमीदोरजी, अनुष्का अहलावत, तनुप्रिया जोशी और आकाश ने विषय के पक्ष एवं विपक्ष में तर्क प्रस्तुत किए। आयुष शर्मा और आशुतोष शर्मा व अनुष्का अहलावत और चिमीदोरजी की टीम फाइनल में पहुंची। निर्णायक मंडल में आरिफ मोहम्मद, रतिन बासु, मनीषा सिंह, ऊषा, अनूप टीकरी एवं राकेश बरोई रहे। संकायाध्यक्ष प्रो. वैभव गोयल भारतीय आदि मौजूद रहे। संवाद

# News Paper Clipping Service

## Amar Ujala

**Date- 18 Feb 2023, Page No. City Page 5**

### पद्मश्री माधुरी ने दी लोक गायन की प्रस्तुति



सुभारती विवि में आयोजित कार्यक्रम में शामिल स्टाफ और अतिथि। संवाद

मेरठ। सुभारती विवि के सम्राट अशोक सुभारती स्कूल ऑफ बुद्धिस्ट स्टडीज द्वारा भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय से अनुदानित तीन दिवसीय प्रथम कौरवी लोक महोत्सव के तहत कवि सम्मेलन हुआ। शुभारंभ मुख्य अतिथि पद्मश्री माधुरी बड़त्वाल, सुभारती अस्पताल के चिकित्सा उप अधीक्षक डा. कृष्णा मूर्ति, बुद्धिस्ट स्टडीज के सलाहकार डॉ. हिरो हितो ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कवि मोहित शौर्य ने वीर रस की कविताएं सुनाकर सभी को जोश से भर दिया। कवि दीपक सैनी ने विभिन्न नेताओं की मिमिक्री की। साथ ही कवि राजेश चेतन ने हास्य रचनाएं सुनाकर सभी को गुदगुदाया। अंत में पद्मश्री डा. माधुरी बड़त्वाल ने लोक गायन की विशेष प्रस्तुति दी। डा. हिरो हितो ने बताया कि कौरवी लोक महोत्सव के माध्यम से कौरवी संस्कृति को प्रोत्साहन मिलेगा। संयोजक डॉ. सीमा शर्मा मौजूद रहीं। संवाद

# *News Paper Clipping Service*

## Amar Ujala

**Date- 20 Feb 2023, Page No.** **City Page 6**

Amar Ujala (6)

### सुभारती में हुआ फ्री रन फॉर गुड हेल्थ एंड वेल बीइंग का आयोजन



सुभारती में दौड़ में हिस्सा लेते खिलाड़ी। संवाद

मेरठ। स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय के मेजर ध्यानचंद शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा जी-20 प्रेसीडेंसी के तहत सुभारती फ्री रन फॉर गुड हेल्थ एंड वेल बीइंग का आयोजन किया गया। फ्री रन में विश्वविद्यालय के सभी संकाय एवं विभागों के छात्र-छात्राओं सहित शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। शुभारंभ कुलपति मेजर जनरल डॉ. जीकेथपलियाल ने किया। उन्होंने कहा कि विवि स्वास्थ्य के प्रति लोगों को जागरूक कर रहा है। शारीरिक शिक्षा विभाग के अध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजक प्रो. संदीप कुमार ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से स्वस्थ जीवन शैली की आदतों को अपनाने के लिए प्रोत्साहन मिलता है। इस मौके पर कार्यक्रम समन्वयक सहायक प्रो. अरुण वास्तव, डॉ. शशिराज तेवतिया, डॉ. वैभव गोयल भारतीय, डॉ. महावीर सिंह, डॉ. मनोज त्रिपाठी, डॉ. अनोज राज मौजूद रहे। संवाद

# News Paper Clipping Service

## Amar Ujala

**Date- 21 Feb 2023, Page No. City Page 5**

# कार्यशाला में दी दिवाला और दिवालियापन की जानकारी




सुभारती विश्वविद्यालय में कार्यशाला में मंचासीन अतिथि। संवाद

**संवाद न्यूज एजेंसी**

मेरठ। सुभारती विश्वविद्यालय के सरदार पटेल सुभारती विधि संस्थान में दिवाला और दिवालियापन संहिता 2016 पर कार्यशाला का आयोजन किया गया।

आचार्य विष्णुगुप्त सुभारती प्रबन्ध एवं वाणिज्य संस्थान एवं भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता बोर्ड, नई दिल्ली के सहयोग से हुए कार्यक्रम का शुभारंभ कुलपति मेजर जनरल डॉ. जीके थपलियाल, सेवानिवृत्त कमिश्नर डीपी सेमवाल, भारतीय दिवाला और दिवालियापन बोर्ड के मुख्य जनरल मैनेजर राजेश कुमार गुप्ता, आलोक कुमार कुच्छल ने दीप प्रज्ज्वल कर किया। प्रो. वैभव गोयल भारतीय ने कहा कि इन्सॉल्वेंसी एक ऐसी स्थिति है, जिसमें कोई व्यक्ति या कंपनी अपने बकाया ऋण चुकाने में असमर्थ होते हैं। जैसा कि विजय माल्या एवं नीरव मोदी के केस में आप देखते आ रहे हैं।

वहीं, बैंकरप्सी (दिवालियापन) वह स्थिति है जब किसी सक्षम न्यायालय द्वारा एक व्यक्ति या संस्था को दिवालिया घोषित कर दिया जाता है। न्यायालय द्वारा इसका समाधान करने और लेनदारों के अधिकारों की रक्षा करने के लिए उचित आदेश दिया गया हो। राजेश कुमार गुप्ता ने कहा कि इक्विटी मालिकों द्वारा अपने ऋण दायित्वों को पूरा करने में चूक होने पर लेनदारों को नियंत्रण स्थानांतरित कर दिया जाता है। मौजूदा दिवाला कानून में व्याप्त कमियों को दूर करने और उन्हें एक छतरी के नीचे लाने का प्रयास किया गया। अंत में प्रो. रीना बिश्नोई ने धन्यवाद किया।

# News Paper Clipping Service

## Hindustan

**Date- 22 Feb 2023, Page No. 5**



मंगलवार को सुभारती कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद अतिथि।

### सुभारती कॉलेज ऑफ साइंस में प्रेरक वार्ता

मेरठ। केरल वर्मा सुभारती कॉलेज ऑफ साइंस के कंप्यूटर एप्लीकेशन विभाग द्वारा एंटरप्रेन्योरशिप डवलपमेंट सेल द्वारा एपवार्स टेक्नोलॉजी द्वारा प्रेरक वार्ता हुई। 'एंटरप्रेन्योरशिप मोटिवेशन एंड बिजनेस आइडियाज' विषय पर वार्ता का उद्घाटन डॉ.महावीर सिंह, डॉ.मनोज कपिल, डॉ.शशिराज तेवतिया, डॉ.प्रमोद कुमार ने किया। डॉ.मनोज कपिल ने विवि में ईडी सेल की भूमिका समझाई। सोनू प्रकाश ने उद्यमिता का महत्व बताया। डॉ.एकता गुप्ता, डॉ.प्रमोद कुमार, डॉ.नित्यानंद, हिमांशु, अंकित, डॉ.अशोक कुमार मौजूद रहे।

# News Paper Clipping Service

## Amar Ujala

**Date- 23 Feb 2023, Page No. City Page 5**

## डिजिटल युग में भी बरकरार है प्रिंट मीडिया की महत्ता



पत्रकारिता विभाग में आयोजित सेमिनार में मौजूद छात्र-छात्राएं। संवाद

मेरठ। सुभारती विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग में प्रिंट मीडिया और कॅरिअर की संभावनाओं पर कार्यशाला आयोजित की गई। हाइब्रिड मोड में हुई कार्यशाला में वक्ताओं से विद्यार्थियों ने भी प्रश्नोत्तर किए।

सेमिनार में बताया कि डिजिटल युग में भी प्रिंट मीडिया को कोई नकार नहीं सकता है। संचालन छात्रा कैरन जेहरा ने किया। संयोजक पत्रकारिता और जनसंचार विभाग के सहायक आचार्य राम प्रकाश तिवारी और वरिष्ठ प्रवक्ता नीरज अग्रवाल रहे। प्रो. सुभाष चंद्र थलेड़ी ने सभी का धन्यवाद किया। ब्यूरो

## सुभारती विवि के छात्रों का रक्षा सेवाओं में चयन



आर्यन त्यागी, देव खोखर।

मेरठ। स्वामी विवेकानंद सुभारती विवि के कैप्टन अमरीक सिंह सुभारती डिफेंस एकेडमी के छात्र आर्यन त्यागी ने एसएसबी एनडीए इंटरव्यू पास किया। वहीं, छात्र देव खोखर ने अग्निवीर वायु सेना की लिखित परीक्षा में सफलता हासिल की है। रक्षा सेवाओं में चयन होने पर विवि के संस्थापक डॉ. अतुल कृष्ण, कुलपति मेजर जनरल डॉ. जीके थपलियाल एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी डा. शल्या राज ने शुभकामनाएं दी। ब्यूरो

# News Paper Clipping Service

## Hindustan

### Date- 24 Feb 2023, Page No.- 6

## मंथन में विद्यार्थियों ने दिखाया कौशल




मेरठ। सुभारती कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट एंड कॉमर्स में हुए मैनेजमेंट फेस्ट मंथन में छात्र–छात्राओं ने अपनी प्रतिभा दिखाई। शुभारंभ कुलपति मेजर जनरल डॉ. जीके थपलियाल एवं डायरेक्टर डॉ. आरके घई ने किया। इस दौरान विभिन्न प्रतियोगिताएं हुईं। कुलपति ने कहा कि यह प्रतियोगिता भावी प्रबंधकों में कौशल एवं सामर्थ्य को बढ़ाएंगी। मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. शल्या राज ने उद्यमिता क्षेत्र में उत्कृष्ट भूमिका निभाने को प्रेरित किया।

# News Paper Clipping Service

# Amar Ujala

## Date- 24 Feb 2023, Page No.- City Page 5

mycity

न्यूज कैप्सूल

MY CITY P-5
24/02/23

## फेस्ट मंथन में हुई प्रतियोगिताएं

मेरठ। स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय के आचार्य विष्णु गुप्त सुभारती कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट एंड कॉमर्स में मैनेजमेंट फेस्ट मंथन का आयोजित किया गया। फेस्ट का शुभारंभ कुलपति मेजर जनरल डॉ. जीके थपलियाल और मैनेजमेंट कॉलेज के डीन व डायरेक्टर डॉ. आरके घई ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम में विभिन्न कॉलेजों के 250 से अधिक विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। जिसमें प्रबंधन प्रश्नोत्तरी, एड-मैड शो, स्थितिजन्य विश्लेषण, लोगो री- डिजाइन, वर्चुअल शेयर ट्रेडिंग, स्किट, पेपर प्रेजेंटेशन मॉडलिंग आदि प्रतियोगिताएं हुईं। निर्णायकों ने छात्रों को योग्यता के आधार पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार दिए। संचालन डॉ. डॉली दिव्य ने किया। ब्यूरो



फेस्ट मंथन में मौजूद कलाकार। संवाद

# News Paper Clipping Service

# Amar Ujala

## Date- 25 Feb 2023, Page No.- City Page 5

# सुभारती आधारशिला लैब के शिलापट का लोकार्पण




ऑक्सफोर्ड स्कूल में जिलाधिकारी दीपक मीणा ने सुभारती विश्वविद्यालय द्वारा बनाई जा रही आधारशिला लैब के शिलापट का अनावरण किया। संवाद

गंगानगर। गंगानगर केपी ब्लॉक स्थित ऑक्सफोर्ड इंटरनेशनल स्कूल में शुक्रवार को वार्षिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जिलाधिकारी दीपक मीणा और विशिष्ट अतिथि सुभारती विश्वविद्यालय से रोहित रविंद्र, रजिस्ट्रार विवेक कुमार रहे। कार्यक्रम में डीएम दीपक मीणा ने सुभारती आधारशिला लैब की शिलापट का लोकार्पण किया। सभी ने ताली बजाकर अभिनंदन किया। इस दौरान बच्चों ने अनेक सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत किया। बच्चों ने अतिथि का स्वागत किया। स्कूल एमडी प्रियंका कंसल ने आभार जताया। कार्यक्रम का संचालन रुचिका, निधि, वैशाली, विशु और धवनपाल शिक्षक-शिक्षिकाओं ने किया। विशेष रूप से सूरज शर्मा, पुष्पेंद्र पाली, आदेश पुरी, मोहित गोयल, गायक मनोज वर्मा उपस्थित रहे। प्रबंधक विजय कुमार, राहुल गुप्ता, निखिल कंसल ने शिक्षक की सार्थकता को लेकर निरंतर किए जाने वाले सफल प्रयासों की प्रशंसा की

# News Paper Clipping Service

## Hindustan

### Date- 25 Feb 2023, Page No.- 8

## बौद्धिक संपदा अधिकार पर हुआ कार्यक्रम



मेरठ। स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय के फैकल्टी ऑफ लॉ व आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (आई.क्यू.ए.सी) एवं केंद्रीय अनुसंधान उद्भवन केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में 'बौद्धिक संपदा अधिकार' विषय पर जागरूकता कार्यक्रम हुआ। शुभारंभ छवि गर्ग ने किया। कुलपति मेजर जनरल डॉ. जीके थपलियाल, डीन डॉ. वैभव गोयल भारतीय, डॉ. नीतू पंवार, प्रतिकुलपति डॉ. अभय शंकरगौड़ा ने दीप प्रज्जवलन किया। प्रो. डॉ. निशा राणा, प्रतिकुलपति डॉ. अभय शंकरगौड़ा, सैयद जफर हुसैन मौजूद रहे।